राष्ट्रीय रोजगार सेवा
छत्तीसगढ
जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, सक्ती (छ.ग.)

## प्रेस विज्ञप्ति

### दिनांक 31.07.2026 को आई.टी.आई. डभरा में होगा रोजगार मेला का आयोजन

जिला रोजगार कार्यालय सक्ती द्वारा दिनांक 31.07.2026 दिन शुक्रवार को रोजगार मेला का आयोजन प्रातः 11.00 बजे से आई.टी.आई. डभरा में किया जायेगा जिसमें एस.आई.एस. लिमिटेड द्वारा सिक्युरिटी गार्ड के 100, सुपरवाईजर के 50 एवं सुरक्षा अधिकारी के 20 पद, चैतन्य इंडिया फाईनेन्स रायगढ़ द्वारा कस्टमर रिलेशनशीप अधिकारी के 20 पद एवं वेदांता स्किल स्कूल, बालको कोरबा द्वारा इलेक्ट्रिशियन के 20, फीटर के 20, होटल मैनेजमेंट के 20, वेल्डर के 20, मोबाईल रिपेयरिंग 20 एवं सिलाई मशीन के 20 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं एवं स्नातक पास निर्धारित की गई है। चयनित उम्मीदवारों का कार्यक्षेत्र रायगढ़, घरघोड़ा, पुसौर, खरसिया एवं छत्तीसगढ़ राज्य रहेगा। उक्त पदों के लिए वेतनमान 12000/– से 17000/– निर्धारित की गई है।

रोजगार मेला का कार्य प्रातः 11.00 बजे 3.00 बजे तक किया जावेगा।

जो युवा उक्त रोजगार मेला में शामिल होना चाहते है वे अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों तथा रोजगार पंजीयन के साथ निर्धारित तिथि को उपस्थित हो सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर चांपा से संपर्क किया जा सकता है।

जिला रोजगार अधिकारी
सक्ती (छ.ग.)

पृ.क्रं./जिरोएवंस्वरोमाकेसक्ती/प्लेसमेंट कैम्प/2026/661-4/सक्ती दिनांक 23/07/2026
प्रतिलिपि :–

1. संचालक, रोजगार एवं प्रशिक्षण इन्द्रवती भवन ब्लांक –04 प्रथम तल, अटलनगर नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर महोदय जिला सक्ती (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
3. उपसंचालक, जनसंपर्क जिला सक्ती (छ.ग.) की ओर प्रेषित कर निवेदन है कि उक्त विज्ञप्ति दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने की कृपा करें।
4. अधीक्षक/प्राचार्य, शासकीय आई.टी.आई. डभरा की ओर सूचनार्थ। कृपया रोजगार मेला के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।
5. नियोजक एस.आई.एस. लिमिटेड, वेदांता स्किल स्कूल, बालको कोरबा, चैतन्य इंडिया फाईनेन्स रायगढ़ को सूचनार्थ कृपया समय पर उपस्थित होकर भर्ती की कार्यवाही करने की कृपा करें।

जिला रोजगार अधिकारी
सक्ती (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner